बिलासपुर पत्रिका 13/11/2016

सीएमडी में स्वच्छता पखवाड़ा

बिलासपुर @ पत्रिका. सीएमडी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीके चक्रवर्ती ने आंतरिक और बाह्य स्वच्छता पर जोर दिया। इस अवसर पर भाषण, निबंध, वाद-विवाद और परिचर्चा का आयोजन किया गया साथ ही कॉलेज परिसर की सफाई की गई। इस अभियान में एनएसएस के स्वयं सेवक और छात्रसंघ के पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीएस चंद्राकर ने परिसर को स्वच्छ रखने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष पूनम तिवारी, सचिव आकाश यादव,, संयोजक जय परिहार, अमितेश राय, रंजीत सिंह, भाभा धाविड़, रोहित लहरे, गीतांजलि, चंद्रशेखर, अमनदीप, रविशंकर, उपासना, नीशु सिंह, रितिक सिंह ठाकुर, जैकी गुप्ता, प्रांजल तिवारी, दिलेश, सत्यजीत बावरे समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

बिलासपुर भूमि 15/11/2016



नवभारत बिलासपुर 13/11/2016

कॉलेज परिसर में चला स्वच्छता अभियान

■ बिलासपुर. सीएमडी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने आज कॉलेज परिसर की सफाई की और एकत्र कचरो को जलाकर नष्ट किया.

बिलासपुर भूमि 17/11/2016

प्रायोगिक परीक्षा 25 को

बिलासपुर। सीएमडी कालेज में वर्ष 2016-17 के नियमित विद्यार्थियों के लिए एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से होगी। परीक्षार्थी परीक्षा की विस्तृत जानकारी डॉ.व्हीके तिवारी विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग से संपर्क कर प्राप्त कर लेंवे। यदि परीक्षर्थी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में पूर्व में भी महाविद्यालय व भूगोल विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया जा चुका है।

बिलासपुर नई दुनिया शनिवार 19/11/2016

कानून का उल्लंघन क्षमा योग्य नहीं

बिलासपुर।

सीएमडी महाविद्यालय में महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार एवं उत्पीड़न पर गोष्ठी हुई। इसमें कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

महिला आंतरिक शिकायत समिति के प्रशिक्षण एवं विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा समिति के सचिव शैलेष शर्मा ने वर्तमान में सभी शिक्षण संस्थाओं में समिति के गठन एवं कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संबंध में शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करना क्षम्य नहीं है। हम सभी को कानून की जानकारी होना आवश्यक है। महिलाओं के साथ जितने अपराध बाहर होते हैं, उतने ही घर के अंदर होते हैं। इन अपराधों पर रोक लगाना आवश्यक है। कॉलेज के प्राचार्य डीके चक्रवर्ती ने समिति की आवश्यकता पर बल देते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से सभी प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं को लाभ मिलेगा। वहीं कॉलेज की शिकायत समिति की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती वीणापाणि दुबे ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि महिलाओं को मिले अधिकारों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कुछ मामलों में झूठी शिकायत से उतपन्न होनी वाली जटिल स्थितियों से कैसे निपटने पर बात रखी। इस अवसर पर डॉ. आरके सक्सेना, डॉ. पीएल चंद्राकर आदि मौजूद थे।

बिलासपुर। गोष्ठी में उपस्थित अतिथि।